**आकाशवाणी शिमला**
**30.08.2026/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए आगे आने वाले लोगों के प्रयासों को सराहा।**
- **मुख्यमंत्री ने कहा–सरकार कर्मचारियों व पैंशनरों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध–भाजपा पर लगाया राजनीति करने का आरोप।**
- **राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने प्रदेश उच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीशों को दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ।**
- **प्रदेश में फिर सक्रिय हुआ मॉनसून–शिमला समेत कई भागों में व्यापक वर्षा–3 सितम्बर तक भारी वर्षा का यलो अलर्ट।**

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान पूरे देश में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आकाशवाणी पर आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि नशामुक्त युवा और नशामुक्त भारत केवल एक औपचारिकता नहीं है क्योंकि बड़ी संख्या में लोग विशेषकर युवा इसका हिस्सा बन रहे हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता.....

***प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि नशे की लत से केवल एक व्यक्ति पर ही दुष्प्रभाव नहीं पड़ता बल्कि पूरे परिवार और समाज को इसके परिणाम भुगतने पड़ते हैं। उन्होंने नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए आगे आने वाले लोगों की सराहना की।***

***पीएम स्वनिधि योजना का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना से लाखों महिलाओं को नई शक्ति प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि देशभर की करीब 35 लाख महिलाएं योजना से जुड़कर अपने कारोबार को आगे बढ़ा रही हैं।***

***प्रधानमंत्री ने कहा कि अगस्त का महीना अपने साथ देशभक्ति के कई रंगों को लेकर आया है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान ने देशभक्ति की भावना को और मजबूत किया है।***

***प्रधानमंत्री ने लोगों से आगामी त्यौहारों के सीज़न में वोकल फॉर लोकल बनने का आग्रह भी किया।***

***रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार शिमला।***

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को पूरे देश के लिए प्रेरणा का एक बड़ा माध्यम बताया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से अलग–अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे प्रतिभाशाली लोगों को पहचान और एक्सपोज़र मिलता है। मन की बात कार्यक्रम में आज नशे की समस्या को लेकर प्रधानमंत्री के संदेश पर जयराम ठाकुर ने कहा कि नशे के इस प्रचलन को रोकना केवल सरकार की जिम्मेवारी नहीं बल्कि हम सभी का दायित्व है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि कांग्रेस सरकार कर्मचारियों व पैंशनरों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है जबकि भाजपा इनके नाम पर केवल राजनीति कर रही है। कांगड़ा ज़िले के देहरा में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि श्रेणी–एक, दो और तीन के पैंशनरों के लिए बेसिक पे से संबंधित शर्त को हटाने के निर्देश जारी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आने वाले समय में कर्मचारियों को महंगाई भत्ता प्रदान करेगी। कार्यक्रम में सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने मुख्यमंत्री मछुआरा सम्मान निधि के तहत

8 सौ मछुआरों को वित्तीय सहायता राशि के चैक भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हिमाचल प्रदेश के अधिकारों के लिए लड़ रही है और भ्रष्टाचार के रास्ते बंद करने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है।

**शपथ**

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने आज शिमला स्थित लोक भवन में उच्च न्यायालय के तीन नए न्यायाधीशों को शपथ दिलाई। चिराग भानू सिंह ने स्थायी न्यायाधीश जबकि भूपेश शर्मा और योगेश जसवाल ने अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। इस दौरान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया भी मौजूद रहे। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल सहित अन्य गणमान्य लोगों ने शिरकत की।

**धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का विशेष प्रयास कर रही है। घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के पनोह और बकरोआ में जनसंवाद के दौरान उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य से सरकार ने अपना परिवार—सुखी परिवार योजना शुरू की है। धर्माणी ने कहा कि इस योजना में विशेषकर उन परिवारों को प्राथमिकता दी गई है जो सामाजिक और आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर हैं और विभिन्न कारणों से अब तक सरकारी योजनाओं की मुख्य धारा से बाहर रहे हैं।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कोटखाई उपमण्डल की रावला क्यार पंचायत में आज थाना सम्पर्क मार्ग के उन्नयन कार्य का भूमि पूजन किया। इस कार्य पर करीब 4 करोड़ रूपए की राशि खर्च होगी। रोहित ठाकुर ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में जुब्बल कोटखाई क्षेत्र में एक सौ 86 नई सड़कों की सफल पासिंग हो चुकी है और ये प्रक्रिया निरंतर जारी है।

**अनुराग ठाकुर**

सांसद अनुराग ठाकुर ने पंचायत प्रतिनिधियों से गांवों के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने का आहवान किया है। हमीरपुर जिले के भोरंज में आज एक समारोह में उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं भारतीय लोकतंत्र की ऐसी आधारशिला है जहां लोकतंत्र सीधे जनता के द्वार तक पहुंचता है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि डिजिटल तकनीक, जन—भागीदारी और पारदर्शिता ने पंचायतों के काम—काज को नई दिशा दी है।

**मॉनसून—मौसम**

प्रदेश में कुछ दिनों तक धीमा पड़ने के बाद मॉनसून ने एक बार फिर रफतार पकड़ ली है। इसके प्रभाव से राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई क्षेत्रों में दोपहर बाद व्यापक वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने 3 सितंबर तक राज्य के विभिन्न ज़िलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है। भारी बारिश के कारण भूस्खलन के चलते कालका—शिमला रेललाइन पर आज रेल यातायात प्रभावित रहा। राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र के अनुसार भूस्खलन के कारण प्रदेश में 64 सड़कें अवरूद्ध हैं। इसके अलावा 2 सौ 26 विद्युत ट्रांसफार्मर और 9 पेयजल योजनाओं पर भी असर पड़ा है। इस मॉनसून सीजन में बारिश और इससे जुड़े हादसों में अब तक 2 सौ 53 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा संपत्ति को एक हजार एक सौ 84 करोड़ रूपये का नुकसान आंका गया है।

**मणिमहेश यात्रा**

चम्बा पुलिस ने विश्व प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा के सफल संचालन के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। ये यात्रा 4 सितम्बर से 19 सितम्बर के बीच चलेगी। पुलिस अधीक्षक विजय सकलानी ने बताया कि लोगों की सुरक्षा व बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए चप्पे चप्पे पर पुलिस की तैनाती की जाएगी। उन्होंने कहा कि यात्रा क्षेत्र को 13 सैक्टरों में बांटा गया है।

**भेंट**

सोलन नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर सुषमा शर्मा व उप–महापौर गौरव राजपूत सहित भाजपा के नवनिर्वाचित पार्षदों ने आज शिमला में विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर से भेंट की। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए सोलन शहर के विकास और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर उठाने का आहवान् किया।

**सेब उत्पादक संघ**

हिमाचल सेब उत्पादक संघ ने सरकार से सेब व अन्य फलों का मण्डी मध्यस्थता योजना का बकाया भुगतान तुरंत करने की मांग की है। संघ के राज्य कमेटी सदस्य संजय चौहान ने कहा कि बागवानों द्वारा जरूरी दस्तावेज जमा करवाने के बावजूद भी उनके खातों में बकाया राशि जमा नहीं की जा रही है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए आगे आने वाले लोगों के प्रयासों को सराहा।**
- **मुख्यमंत्री ने कहा–सरकार कर्मचारियों व पैंशनरों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध–भाजपा पर लगाया राजनीति करने का आरोप।**
- **राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने प्रदेश उच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीशों को दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ।**
- **प्रदेश में फिर सक्रिय हुआ मॉनसून–शिमला समेत कई भागों में व्यापक वर्षा–3 सितम्बर तक भारी वर्षा का यलो अलर्ट।**